# Newsletter Govt. Polytechnic Bhatapara

वर्ष-1 अंक-4

अक्टूबर-दिसम्बर 2022

विदाई समारोह-

संस्था के इलेक्ट्रिकल विभाग के व्याख्याता श्री अजय कुमार स्वर्णकार का स्थानांतरण शासकीय पॉलिटेक्निक जगदलपुर में हुआ, जिनका विदाई समारोह दिनांक 14 अक्टूबर 2022 को किया गया | कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. आई. सी. भारती सर, इलेक्ट्रिकल विभागाध्यक्ष श्रीमती सुनीता तिवारी मैडम एवं सभी शिक्षक उपस्थित हुए | सिविल विभाग की व्याख्याता सुश्री आकांक्षा देशमुख ने मंचस्थ उपस्थित प्राचार्य सर, विभागाध्यक्ष मैडम एवं श्री स्वर्णकार सर का स्वागत कर कार्यक्रम का प्रारंभ किया | श्री स्वर्णकार सर ने अपने पिछले 6 वर्षों के अनुभवों पर प्रकाश डाला , उपस्थित सभी शिक्षको ने श्री स्वर्णकार सर के साथ बिताये अनुभवों को याद किया | नम आँखों से श्री स्वर्णकार सर के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें श्री फल तथा उपहार प्रदान कर कार्यक्रम का समापन किया गया| श्री स्वर्णकार ने प्राचार्य तथा समस्त शिक्षकों के साथ संस्था परिसर में वृक्षारोपण भी किया |







इंटरनेट (हाई स्पीड फाइबर ऑप्टिक) एवं टेलीफोन कनेक्शन –

वर्ष 2017 से संस्था अपने देवरी,भाटापारा के नवनिर्मित भवन में संचालित हो रही है | प्रथम दिन से ही संस्था में इंटरनेट कनेक्शन एवं टेलीफ़ोन कनेक्शन लगवाने हेतु बीएसएनएल भाटापारा से संपर्क किया जा रहा था | परंतु नवनिर्मित भवन भाटापारा शहर से दूर स्थित होने एवं इस क्षेत्र में बीएसएनएल का केबल नहीं बिछा होने के कारण बीएसएनएल व्दारा उक्त सुविधा उपलब्ध करा पाने में असमर्थता व्यक्त की गई | इसके निराकरण के लिये बीएसएनएल के अधिकारियों से कई बार चर्चा की गई | लेकिन सकारात्मक परिणाम नहीं निकल पा रहा था | संस्था में इंटरनेट एवं टेलीफ़ोन कनेक्शन की अति आवश्यकता के कारण शहर के अन्य टेलिकॉम सर्विस प्रोवाइडर से भी संस्था में इंटरनेट कनेक्शन लगाने हेतु बात की गई ,परंतु सभी ने असमर्थता ही जाहिर की | समय- समय में पदस्थ विभिन्न प्राचार्यो व्दारा लगातार वर्षों तक संस्था में इंटरनेट लगाने का यह प्रयास जारी रहा, इसी कड़ी में अप्रैल 2022 में पदस्थ नवीन प्राचार्य डॉ. आई. सी. भारती ने छात्रों को अच्छी इंटरनेट सुविधा न होने के कारण हो रही नुकसान को गंभीरता से लेते हुये निराकरण हेतु सुझावों सहित प्राचार्य महोदय के मार्गदर्शन में बीएसएनएल अधिकारी से संपर्क कर संस्था तक फाइबर ऑप्टिक इंटरनेट कनेक्शन लाने में होने वाले समस्त व्यय का वहन छात्रहित में संस्था व्दारा किये जाने का निर्णय लिया गया | इस पर सहमत होते हुये बीएसएनएल ने इस क्षेत्र के लिये अपने एक अनुबंधित वेंडर को कनेक्शन खीचने निर्देशित भी किया परंतु इस वेंडर ने शुरुआत में अपनी हामी भरने के उपरांत बाद में मुकर गया और जून 2022 में काफी मशक्कत के बाद लगने वाला फाइबर ऑप्टिक कनेक्शन पुन: अधर में फस गया 1 परंतु प्राचार्य महोदय के मार्गदर्शन में संस्था में इंटरनेट एवं टेलीफ़ोन लगाने का पुन: प्रयास प्रारंभ किया गया और इस बार कई वर्षों तक जारी यह प्रयास अंतत: सफल हुआ और दिनांक 16/10/2022 को संस्था में बीएसएनएल का हाई-स्पीड ( 300 MBPS) फाइबर ऑप्टिक इंटरनेट कनेक्शन एवं एक टेलीफोन कनेक्शन (07726-299021) लगा |







प्रायोगिक परीक्षा का आयोजन

संस्था में 27-10-2022 एवं 28-10-2022 को प्रथम वर्ष के द्वितीय सेमेस्टर मैकेनिकल के विद्यार्थियों का प्रायोगिक परीक्षा का आयोजन किया गया । 27-10-2022 को भौतिक प्रायोगिक परीक्षा का आयोजन किया गया, जिसमे external examiner के रूप मे शासकीय गजानंद महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक (भौतिकी) डॉ. विकास गुलहरे जी रहे। विषय प्रभारी श्रीमती ज्योति सेन एवं डॉ. गुलहरे सर के निर्देशन में विद्यार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा सम्पन्न हुई ।

28-10-2022 को BNCES का प्रायोगिक परीक्षा का आयोजन विषय प्रभारी श्रीमती ज्योति सेन द्वारा संस्था मे करवाया गया। जिसमे मैकेनिकल ब्रांच के प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों की परीक्षा शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के प्राचार्य श्री अजय घरेवाल सर द्वारा लिया गया।







## राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन

भारत में प्रतिवर्ष 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्मदिवस को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है | संस्था में भी दिनांक 31-10-2022 को राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें भारत के लौह् पुरुष सरदारवल्लभ भाई पटेल जी को तथा उनके राष्ट्र को एक करने के निश्चय को याद किया गया | राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवको तथा संस्था के समस्त छात्रों एवं शिक्षकों को, संस्था की कार्यक्रम अधिकारी डॉ मोनिका जैन ने एकता की शपथ दिलायी |

संस्था में 'रन फॉर यूनिटी' दौड़ का आयोजन भी किया गया, जिसमे संस्था के समस्त शिक्षकों एवं छात्रों ने भाग लिया । संस्था की व्याख्याता श्रीमती आम्रपाली बंसोड ने समाज में एकता एवं शांति बनाने का संदेश दिया।









**Induction Program** का आयोजन

संस्था में दिनांक 03-11-2022 को प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए Induction Program का आयोजन किया गया| इसका मुख्य उद्देश्य नव प्रवेशित विद्यार्थियों को तकनिकी शिक्षा विभाग, विश्वविद्यालय तथा संस्था सम्बन्धी सम्पूर्ण जानकारी से अवगत कराना है | इसमें विद्यार्थियों को संस्था के प्राचार्य, समस्त शिक्षकों से परिचित करवाया गया| इस दौरान शिक्षकों ने अपने प्रभार, शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं और छात्रविति की जानकारी दी | प्राचार्य डॉ. आई.सी.भारती ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए अपने लक्ष्य को ऊँचा कर निरंतर प्रयास करने के लिए कहा, निरंतर प्रयास से ही सफलता को प्राप्त किया जा सकता है | डॉ. मोनिका जैन ने मंच संचालन करते हुए संस्था की संरचना तथा कार्यप्रणाली पर विचार रखी | श्री उपेन्द्र पटेल ने संस्था की प्लेसमेंट सेल के प्रयासों तथा कैंपस में चयनित विद्यार्थियों के बारे में बताया | श्री अभिषेक देवांगन, श्री दीपक गुप्ता ने कहा की सीखना कभी बंद न करे, समय का उपयोग करे | श्री नितिन कुमार कुम्भकार ने परीक्षा सम्बन्धी जानकारी, सुश्री आकांक्षा देशमुख ने छात्रवृत्ति सम्बन्धी जानकारी दी | इलेक्ट्रिकल विभाग की विभागाध्यक्ष श्रीमती सुनीता तिवारी ने विद्यार्थियों को निरंतर प्रयास करने के लिए प्रेरित किया |







खेलकूद का आयोजन-

खेलकूद को बढ़ावा देने ,प्रतिभावान तथा कुशल खिलाडियों को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर तक पहुचने संस्था गत खेलकूद प्रतियोगिता का महत्वपूर्ण स्थान है ,खेलकूद के माध्यम से अनुशासन ,सहयोग और सामाजिकता की भावना का विकास किया जाता है |

संस्था में दिनांक 12-11-2022 को खेलकूद का आयोजन रखा गया | प्रतियिगिता में खेल के प्रति विद्यार्थियों में काफी उत्साह दिखाई दिया | संस्था के खेलकूद प्रभारी श्री नितिन कुमार कुम्भकार तथा सांस्कृतिक प्रभारी श्रीमती आम्रपाली बंसोड के मार्गदर्शन में विभिन्न खेलो का आयोजन किया |








## सेमिनार प्रतियोगिता का आयोजन

Induction program के तहत Personality Development club एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के द्वारा संयुक्त रूप से सेमिनार प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 18-11-2022 दिन शुक्रवार को क्लब प्रभारी श्री अभिषेक देवांगन (व्याख्याता, कंप्यूटर साइंस ) व सुश्री दिव्या जोतवानी (अंशकालीन व्याख्याता, गणित) के द्वारा आयोजित किया गया | जिसके विषय "युवाओं में नशीले पदार्थो के सेवन की लत के प्रति जागरूकता", "संस्था परिसर में रैगिंग निषेध्र के प्रति जागरूकता" और "युवाओ पर सोशल मीडिया का प्रभाव" थे | जिसमे श्रीमति सुनीता तिवारी (विभागाध्यक्ष,इलेक्ट्रिकल), श्री उत्तम कुमार नायक (व्याख्याता,मैकेनिकल) तथा श्री भूपेन्द्र कुमार पटेल (अंशकालीन व्याख्याता,मैकेनिकल) ने निर्णायकों की भूमिका निभाई | प्रतियोगिता में कुल 14 विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसमे इलेक्ट्रिकल विभाग प्रथम सेमेस्टर के आदित्य निषाद प्रथम, इलेक्ट्रिकल विभाग पंचम सेमेस्टर के ओम साहू द्वितीय तथा मैकेनिकल विभाग तृतीय सेमेस्टर के पंकज निषाद व सिविल विभाग प्रथम सेमेस्टर की रितु तृतीय स्थान पर रहीं|











भारतीय संविधान दिवस का आयोजन

संस्था की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा दिनांक 25-11-2022 को भारतीय संविधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शासकीय नवीन विधि महाविद्यालय भाटापारा के डॉ राम आशीष श्रीवास्तव द्वारा सविधान के महत्व पर छात्रों को व्याख्यान दिया गया एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। डॉ श्रीवास्तव ने सभी को मौलिक अधिकार एवं देश के प्रति कर्तव्यों के बारे में बताया। संस्था की कार्यक्रम अधिकारी डॉ मोनिका जैन ने कार्यक्रम का संचालन किया। अंत में आभार प्रदर्शन सिविल विभाग की व्याख्याता सुश्री आकांक्षा देशमुख ने किया। कार्यक्रम में सुनीता तिवारी मनीष कुमार राज, प्रियंका शर्मा, बुलबुल अग्रवाल, अभिषेक देवांगन, केशव पटेल, दिव्या जोतवानी आदि उपस्थित रहे। संस्था के प्राचार्य डॉ. आइ. सी. भारती ने सफल कार्यक्रम के लिए सभी को बधाई दी ।

इसी क्रम में दिनांक 26-11-2022 को संस्था के प्राचार्य डॉ. आई. सी. भारती सर द्वारा समस्त छात्र –छात्राओं एवं शिक्षकों को संविधान की प्रस्तावना का वाचन करवाया गया | इलेक्ट्रिकल विभाग की विभागाध्यक्ष श्रीमती सुनीता तिवारी द्वारा संविधान के इतिहास एवं उसके स्वरूपों पर व्याख्यान दिया गया | अंत में संस्था के छात्र – छात्राओं एवं शिक्षकों द्वारा रैली का आयोजन करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया | ने सफल कार्यक्रम के लिए सभी को बधाई दी।






पॉलीटेक्निक में सविधान दिवस का आयोजन

भाटापारा/नवप्रदेश। शासकीय पॉलीटेक्निक भाटापारा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा भारतीय संविधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शासकीय नवीन विधि महाविद्यालय भाटापारा के डॉ राम आशीष श्रीवास्तव द्वारा संविधान के महत्व पर छात्रों को व्याख्यान दिया गया एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। डॉ श्रीवास्तव ने सभी को मौलिक अधिकार एवं देश के प्रति कर्तव्यों के बारे में बताया। संस्था की कार्यक्रम अधिकारी डॉ मोनिका जैन ने कार्यक्रम का संचालन किया। अंत में आभार प्रदर्शन सिविल इंजीनियरिंग की व्याख्याता आकांक्षा देशमुख ने किया। कार्यक्रम में सुनीता तिवारी मनीषराज प्रियंका शर्मा बुलबुल अग्रवाल अभिषेक देवांगन केशव पटेल दिव्या जोतवानी आदि उपस्थित रहे। संस्था के प्राचार्य डॉ आइ सी भारती ने सफल कार्यक्रम के लिए सभी को बधाई दी।


















**पॉलीटेक्निक में हुआ संविधान दिवस का आयोजन**

भाटापारा ( कुबेर भूमि )। शा
की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा
आयोजन किया गया। इस अवसर
महाविद्यालय भाटापारा के डॉ राम अ
के महत्व पर छात्र
प्रश्नोत्तरी प्रतियो
डॉ श्रीवास्तव ने
देश के प्रति कर्त
की कार्यक्रम अ
कार्यक्रम का सं
प्रदर्शन सिविल एँजिनीरिंग की व्याख्या
कार्यक्रम में सुनीता तिवारी मनीषराज
अभिषेक देवांगन केशव पटेल दिव्या
संस्था के प्राचार्य डॉ आइ सी भारती ने
को बधाई दी।


## चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता –

Induction program के तहत Cultural club एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के द्वारा संयुक्त रूप से चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 26-11-2022 दिन शनिवार को किया गया | चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता के विषय "छत्तीसगढ़ की कला एवं संस्कृति" रखा गया | संस्था के क्लब प्रभारी श्रीमती आम्रपाली बंसोड एवं श्रीमती ज्योति सेन के देखरेख में आयोजित इस प्रतियोगिता में सभी विद्यार्थियों ने दिए गए विषय में एक से बढ़कर एक कलाकृति बना कर अपनी कला का प्रदर्शन किया |

चित्रकला प्रतियोगिता के विजेता के रूप में प्रथम स्थान पर मुकेश कुमार साहू, इलेक्ट्रिकल प्रथम वर्ष, द्वितीय स्थान पर चाँद कुमार, मैकेनिकल प्रथम वर्ष तथा तृतीय स्थान पर प्रमोद मनहरे, मैकेनिकल प्रथम वर्ष रहे |

निबंध प्रतियोगिता के विजेता के रूप में प्रथम स्थान विनोद महिलांगे, मैकेनिकल प्रथम वर्ष, द्वितीय स्थान पर तिलेंद्र वर्मा रहे |






## विकासखण्ड–स्तरीय युवा महोत्सव 2022-

छत्तीसगढ़ के युवाओं को सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ने और उनकी प्रतिभा और कौशल को निखारने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ में विकासखण्ड- स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन दिनांक 27-11-2022 को भाटापारा के गजानंद महाविद्यालय में किया गया , इसमें संस्था के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिता जैसे – चित्रकला, निबंध, लोक- गीत, खेलकूद आदि में भाग लिया | प्रतियोगिता के अंतर्गत विद्यार्थियों ने कबड्डी में विकासखण्ड – स्तर पर प्रथम स्थान अर्जित किया | निबंध प्रतियोगिता में प्रथम वर्ष के तिलेंद्र वर्मा ने द्वितीय स्थान अर्जित किया |













शैक्षणिक भ्रमण 2022 ( विद्युत विभाग )-

डिप्लोमा पाठ्यक्रम में शैक्षणिक भ्रमण अकादमिक पाठ्यक्रम का एक अनिवार्य हिस्सा है। शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों को उनके कार्यक्षेत्र के लिए प्रासंगिक सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक कामकाजी वातावरण के लिए एक प्रमुख एक्स्पोज़र देती हैं। विद्यार्थियों के व्यवहारिक ज्ञान बढ़ाने के इस उद्देश्य से दिनांक 10.12.2022 दिन शनिवार को विद्युत विभाग द्वारा पंचम सेमेस्टर के विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण के लिए सुधा बायो प्राइवेट लिमिटेड मोहतरई और पावर ग्रिड कारपोरेशन ऑफ़ इंडिया लिमिटेड भरारी बिलासपुर ले जाया गया। इस भ्रमण में विद्यार्थियों ने सुधा बायो पावर प्राइवेट लिमिटेड में भूसे से विद्युत उत्पादन की प्रक्रियाओं को जाना तथा पावर ग्रिड में उत्पादित विद्युत का ग्रिड के माध्यम से वितरण करने की प्रक्रिया को समझा।

इस शैक्षणिक भ्रमण में विद्यार्थियों को औद्योगिक क्षेत्र से जुड़े कर्मचारियों / अभियंताओं से मिलने का मौका मिला, उन्होंने विद्यार्थियों से अपने ज्ञान और अनुभव को साझा किया, जो विद्यार्थियों के कैरियर में उपयोगी होगी और प्रचलित उद्योग के कामकाज के बारे में जानने में मदद करेगी।

यह शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के बीच उत्साह का संचार करने वाला रहा। विद्यार्थियों को अपने कॉलेज के चार दीवारी के बाहर कुछ सीखने का अवसर मिला। यह शैक्षणिक भ्रमण विद्युत विभाग के विभागाध्यक्ष श्रीमती सुनीता तिवारी मैम के मार्गदर्शन में किया गया जिसमें विद्युत विभाग के व्याख्याता केशव पटेल, भूपेंद्र देवांगन, दीक्षा वर्मा एवं इंदु वर्मा उपस्थित रहे। इस शैक्षणिक भ्रमण को सफल बनाने में संस्था के प्राचार्य डॉ आई सी भारती सर का विशेष योगदान रहा।




**International Conference 2022**

रुंगटा इंजीनियरिंग कॉलेज, भिलाई द्वारा दिनांक 15-16 दिसंबर 2022 को Nanoscience and Technology पर International Conference का आयोजन किया गया था, जिसमें संस्था से Electrical Branch के 4 विद्यार्थियों पुष्पेंद्र, ओम साहू, सृष्टि रानाडे और लीना सिंह ठाकुर ने, **विद्युत विभाग के विभागाध्यक्ष श्रीमती सुनीता तिवारी मैम के मार्गदर्शन में भाग लिया और** Smart Transformer पर Presentation दिया, जिसमें इन्होने प्रथम स्थान प्राप्त किया।






अंतिम वर्ष में अध्ययनरत **छात्र**/छात्राओं के लिए प्रतियोगी परीक्षा के **पैटर्न** के आधार पर अभ्यास/मॉक टेस्ट का आयोजन-



अभ्यास/मॉक टेस्ट आयोजित करने के पीछे मुख्य उद्देश्य वास्तविक **परीक्षा** लिखने से पहले छात्र/छात्राओं की क्षमता का आकलन करना है। मॉक टेस्ट के कुछ महत्वपूर्ण लाभ निम्नलिखित हैं:-

- अभ्यास परीक्षण छात्र/छात्राओं को अच्छी मात्रा में अभ्यास प्रदान करते हैं, जो उन्हें परीक्षा के दौरान मदद करता है। मॉक टेस्ट का अभ्यास करने से **समस्या** हल करने की गति बढ़ जाती है और छात्र/**छात्राओं** को यह जानने में मदद मिलती है कि वह किस विषय में कमजोर है।
- उचित समय प्रबंधन: मॉक टेस्ट पेपर छात्र/छात्राओं को यह गणना करने में मदद करते हैं कि प्रत्येक विषय को **परीक्षा** में कितना समय लगेगा। तदनुसार, **छात्रों** को इस बात का अंदाज़ा हो सकता है **कि** उन्हें संख्यात्मक और सैद्धांतिक प्रश्नों के लिए कितना समय देना चाहिए।
- मॉक टेस्ट को हल करते समय, छात्र उन प्रश्नों को चिन्हित कर सकते हैं **जिनमें** उन्हें संदेह है और उन्हें शिक्षकों से दूर करवा सकते हैं।
- वास्तविक परीक्षा की भावना देता है: मॉक टेस्ट के साथ, छात्र **वास्तविक** परीक्षा परिदृश्य से परिचित हो जाते हैं।

## संस्था की **MOU's** details

for Short term Training for students/ Workshop Industrial Visit/Vocational Training/ Guest lecture by field expert :

1. Kushal Auto. Bhatapara (Hero Moto Corp Automobile)
2. Kushal Tractor Bhatapara (Tractor Workshop)
3. Arun Trade Combines
(Mahindra & Mahindra Tractor Workshop)
4. CAD-BRAIN Training
5. S.B. Construction

**Placement Record 2022-23**

| S.N. | Company Name | Interested / Eligible Students | Shortlisted Students | Final Selected Students |
|---|---|---|---|---|
| 1 | L&T( Larsen & Toubro) | 14 | 5 | 1 |
| 2 | Jindal Steel and Power-CG | 50 | 11 | 5 |
| 3 | Yazaki India | 18 | 14 | 14 |
| 4 | Jindal Saw-Nashik | 5 | 5 | 5 |
| 5 | Powersol Ltd. Raipur | 4 | 3 | Awaited |
| 6 | Rajputana Ltd.Raipur | 13 | Awaited | Awaited |
| 7 | Dhoot Transmission - Aurangabad | 24 | Awaited | Awaited |
| 8 | Mahindra CIE - Pune | 5 | 2 | 2 |
| 9 | Subros Limited | 6 | Awaited | Awaited |



# Profile of a Teacher



**Bhupendra Kumar Dewangan**
B.E. (Electrical Engeneering)
2010-2014
G.E.C. Bilaspur

Experience- 6 Year

**संस्था के इलेक्ट्रिकल विभाग के** व्याख्याता **श्री भूपेंद्र कुमार देवांगन** ने अपनी शासकीय सेवा का प्रारम्भ **व्याख्याता इलेक्ट्रिकल** इंजिनियरिंग के रूप में **इस संस्था** से दिनांक 01-10-2016 से वर्तमान तक **सुशोभित हैं** |

**संस्था में इन्होने प्रभारी ग्रंथालय के रूप में नवीन भवन में ग्रंथालय को** स्थापित किये तथा वर्ष 2016 से 2018 तक ग्रंथालय को संचालित किये, **इलेक्ट्रिकल विभाग के विभिन्न प्रयोगशालाओं को स्थापित किये**| संस्था में छात्रवृत्ति प्रभारी के रूप में वर्ष 2018-19, एवं 2019-20 में छात्रवृत्ति **सम्बन्धी कार्यों का संपादन किये** | **संस्था के सहायक परीक्षा अधीक्षक के रूप में** वर्ष 2019, 2020 एवं 2021 **परीक्षा सम्पादित किये | इन्होने तीन सप्ताह का औद्योगिक प्रशिक्षण छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड,** रायगढ़ से संपन्न किया |

**वर्तमान में संस्था के** विद्युत विभाग के Electrical Machine Lab, EEE lab, GTD lab, Electrical Workshop, Switchgear and Protection lab, EMMI lab प्रभारी के रूप में कार्यरत हैं | श्री देवांगन **इस वर्ष तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर में** DC Machines and Transformers, Power System Operation and Protection **विषयों का अध्यापन** करवा रहे हैं |

# संक्षेप में समाचार

- संस्था के इलेक्ट्रिकल विभाग के व्याख्याता श्री अजय कुमार स्वर्णकार का स्थानांतरण शासकीय पॉलिटेक्निक जगदलपुर में हुआ, जिनका विदाई समारोह दिनांक 14/10/2022 को किया गया |

- संस्था में दिनांक 16/10/2022 को बीएसएनएल का हाई-स्पीड ( 300 MBPS) फाइबर ऑप्टिक इंटरनेट कनेक्शन एवं एक टेलीफोन कनेक्शन (07726-299021) लगा |

- संस्था में भी दिनांक 31-10-2022 को राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन किया गया|

- संस्था में दिनांक 03-11-2022 को प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए Induction Program का आयोजन किया गया|

- संस्था में दिनांक 12-11-2022 को खेलकूद का आयोजन रखा गया, जिसमें खो-खो, कबड्डी, दौड़, शतरंज, कैरम आदि खेलों का आयोजन किया गया |

- संस्था में सेमिनार प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 18-11-2022 दिन शुक्रवार को किया गया |

- संस्था की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा दिनांक 25-11-2022 को शासकीय नवीन विधि महाविद्यालय भाटापारा के डॉ. राम आशीष श्रीवास्तव द्वारा संविधान के महत्व पर छात्रों को व्याख्यान दिया गया एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

- दिनांक 26-11-2022 को भारतीय संविधान दिवस के अवसर पर संस्था के प्राचार्य डॉ. आई. सी. भारती सर द्वारा समस्त छात्र –छात्राओं एवं शिक्षकों को संविधान की प्रस्तावना का वाचन करवाया गया |

- Induction program के तहत Cultural club एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के द्वारा संयुक्त रूप से चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 26-11-2022 दिन शनिवार को किया गया |

- छत्तीसगढ़ में विकासखण्ड- स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन दिनांक 27-11-2022 को भाटापारा के गजानंद महाविद्यालय में किया गया, इसमें संस्था के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिता जैसे – चित्रकला, निबंध, लोक- गीत, खेलकूद आदि में भाग लिया |

- दिनांक 10.12.2022 दिन शनिवार को विद्युत विभाग द्वारा पंचम सेमेस्टर के विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण के लिए सुधा बायो प्राइवेट लिमिटेड मोहतरई और पावर ग्रिड कारपोरेशन ऑफ़ इंडिया लिमिटेड भरारी बिलासपुर ले जाया गया।

- रुंगटा इंजीनियरिंग कॉलेज, भिलाई द्वारा दिनांक 15-16 दिसंबर 2022 को Nanoscience and Technology पर International Conference का आयोजन किया गया था, जिसमें संस्था से Electrical Branch के 4 विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान हासिल किया |

- संस्था मे प्रत्येक सप्ताह भौतिक प्रयोगशाला का आयोजन किया जाता है। नवम्बर माह में प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा वरनियर कैलिपर की सहायता से कांच के गुटके का क्षेत्रफल प्राप्त किया गया, एवं सरल लोलक की सहायता से gravitational acceleration ज्ञात किया गया । प्रयोग के दौरान विद्यार्थियों ने प्रायोगिक कार्य से संबंधित सारी जानकारी बड़े ही उत्साह पूर्वक अर्जित किया ।

- संस्था द्वारा csvtu सम्बद्धता वर्ष 2023-24 का कार्य किया गया |

- संस्था के ग्रंथालय में नियमित रूप से पुस्तकों को जारी करना और वापस करने का कार्य किया जाता है |

- ग्रंथालय ऑटोमेशन का कार्य किया जा रहा है, जिसके लिए सोल सॉफ्टवेयर का उपयोग किया जा रहा है |

- अक्टूबर-नवम्बर 2022-23 में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के छत्तीसगढ़ शासन के पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति का कार्य किया गया|

- निदेशालय तकनीकी शिक्षा द्वारा संचालित बी.पी.एल. छात्रवृत्ति, मेरिट छात्रवृत्तिसामान्य वर्ग तथा मेरिट विद्यार्थियों के लिए सत्र – 2022-23 का कार्य किया गया |

- अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा संचालित “प्रगति छात्रवृत्ति” पर संस्था की छात्रवृत्ति प्रभारी सुश्री आकांक्षा देशमुख ने सेमिनार आयोजित किया एवं “प्रगति छात्रवृत्ति”की सम्पूर्ण जानकारी, पंजीयन तथा छात्राओं से आवेदन पत्र भी भरवाया | छात्राओं से नियमित संपर्क में रह कर छात्रवृत्ति आवेदन भरने के लिए प्रेरित किया तथा यथासंभव सहायता की गयी|

- SWOT analysis एवं Road Map का सभी शिक्षकों की उपस्थिति में पुनः आवश्यक सुधार किया गया |

- संस्था मे कार्यरत् श्री उत्तम कुमार नायक, व्याख्याता- मैकेनिकल इंजीनिरिंग को तीन सप्ताह् के लिए लोक निर्माण (वि./ या.) उपसंभाग बलौदाबाजार (छ.ग.) में औद्योगिक प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु दिनांक 13/10/2022 से 03/11/2022 में भेजा गया था |

- संस्था मे कार्यरत् श्री नितिन कुमार, व्याख्याता- मैकेनिकल इंजीनिरिंग को तीन सप्ताह् के लिए लोक निर्माण (वि./ या.) उपसंभाग बलौदाबाजार (छ.ग.) में औद्योगिक प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु दिनांक 17/10/2022 से 08/11/2022 में भेजा गया था |

- NICler App के माध्यम से संस्था में अध्ययनरत अंतिम एवं व्दितीय वर्ष के छात्र/छात्राओं के लिए टेस्ट का आयोजन –

  NICler Android mobile App to capture Multiple Choice Question (MCQ) answers. इस ऐप का उपयोग करके कक्षा में एक ही समय में सभी छात्र/छात्राओं के उत्तरों को कैप्चर करता है। अंत में हमें टेस्ट के सभी प्रश्नों के साथ आयोजित परीक्षा के लिए एक रिपोर्ट मूल्यांकन पत्रक के रूप में मिली |





संपादकीय–

यह् अत्यंत गर्व एवं हर्ष की बात है कि संस्था के न्यूज़लेटर का हमारा प्रयास आप सभी की उम्मीदों पर खरा उतरा, इसी ख़ुशी के साथ हम संस्था के न्यूज़लेटर के चतुर्थ अंक का प्रकाशन कर रहे हैं | संस्था के प्रत्येक विभाग की उपलब्धियों को हमने इस न्यूज़लेटर के माध्यम से आप सभी तक पहुचने का प्रयास पुरे लगन से किया है |

हमारा यह् न्यूज़लेटर का यह् प्रयास, अत्यंत हर्ष के साथ तथा सभी के उम्मीदों पर खरा उतरने के प्रयासरत| संस्था के प्राचार्य, सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के न्यूज़लेटर के सहयोग के लिए धन्यवाद |

## Vision of the Institute

To be a quality technical institute that will transform the Students to be skilled manpower and socially receptive citizens.

## Mission of the Institute –

- Achieve improved teaching-learning process and industry integrated interactions to meet the need of the engineering Environment.
- Empower the students with knowledge, attitude and skill of employability, entrepreneurship and professionally ethical citizens.